# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**FINAL EXAMS SESSION 2025 – 26**

**CLASS – VII**

**TIME : 3 HRS.** **SUBJECT – HINDI** **M.M:80**

**खंड – क**

**(1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें :–** (10)

पेड़-पौधों के साथ मानव का बहुत पुराना संबंध है। वृक्षों के अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पेड़-पौधे मनुष्य की अनेक प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। ये केवल सौंदर्य और सुरक्षा के साधन मात्र नहीं हैं, अपितु हमारे जीवन दाता भी हैं। जिस प्रकार माता अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, वैसे ही पेड़-पौधे भी हमें शुद्ध वायु देकर जीवित रखते हैं। पेड़-पौधों से प्राप्त अनेक पदार्थों पर अनेक उद्योग-धंधे आश्रित रहते हैं। ये वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ प्रदूषण भी रोकते हैं। दुर्भाग्यवश जिस प्रकार वनों को काटा जा रहा है, उनके कारण सूखा, बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक विपत्तियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय संस्कृति में तो अनेक वृक्षों को पवित्र माना गया है। वृक्षों के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने वन महोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ किया है जो प्रतिवर्ष जुलाई माह में मनाया जाता है।

प्रश्न 1 वनों के काटने से क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं?

प्रश्न 2 पेड़-पौधों से मनुष्य की कौन-कौन-सी आवश्यकताएँ पूरी होती हैं?

प्रश्न 3 वृक्षों को मनुष्य का जीवनदाता क्यों कहा जाता है?

प्रश्न 4 'महोत्सव' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

प्रश्न 5 उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**(2) निम्नलिखित पद्रयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें :–** (5)

मैं मजदूर, मुझे देवों की बस्ती से क्या? अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए। अंबर पर जितने तारे, उतने वर्षों से, मेरे पुरखों ने धरती का रूप सँवारा। धरती को सुंदरतम करने की ममता में, बिता चुका है कई पीढ़ियाँ वंश हमारा। और अभी आगे आनेवाली सदियों में, मेरे वंशज धरती का उद्धार करेंगे। इस प्यासी धरती के हित मैं ही लाया, हिमगिरि चीर, सुखद गंगा की निर्मल धारा। मैंने रेगिस्तानों की रेती धो-धोकर वंध्या धरती पर भी स्वर्णिम पुष्प खिलाए। मैं मज़दूर मुझे देवों की बस्ती से क्या? अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए।

(क) अगणित बार मजदूर ने धरती पर क्या किया?

(ख) धरती की प्यास बुझाने के लिए मज़दूर ने क्या किया?

(ग) मजदूर के पुरखों ने पुष्प कैसे खिलाए?

(घ) आगे आनेवाली सदियों में मजदूर के वंशज क्या करेंगे?

(ङ) अंबर पर जितने तारे, उतने वर्षों से क्या आशय है?

**भाग – ख** (20)

**(3) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के उचित विशेषण रूप भरकर वाक्य पूरे कीजिए :–** (2)

**(क)** रेहान ______ टोपी पहनकर आया । **(सफेदी)**

**(ख)** करेले का बीज ______ होता है। **(कड़वाहट)**

**(4) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित करके उनके भेद लिखिए ।** (2)

**(क)** मैं दो सेब खाऊँगा ।

**(ख)** रमा ने नीली साड़ी पहनी है।

**(5) निम्नलिखित धातुओं से क्रिया शब्द बनाइए :–** (2)

**(क)** पढ़ **(ख) उठ**

**(6) निम्नलिखित वाक्यों में (√) यां (×) निशान लगाइए :–** (3)

**(क)** भविष्यत काल चल रहे समय का बोध फराता है ।

**(ख)** काल का शाब्दिक अर्थ समय है।

**(ग)** मध्यमपुरूष का प्रयोग श्रोता के लिए होता है।

**(7) कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार क्रिया के उचित रूप से खाली जगह भरिए :–** (2)

**(क)** नेहा __________।

**(ख)** पिता जी ने समाचार पत्र __________ ।

**(8) निम्नलिखित वाक्यों में यथा – स्थान उचित विराम चिन्ह लगाइए :–** (2)

**(क)** बी ए पास एम एल ए तो बहुत मिल जाएँगे।

**(ख)** अरे तुम जा रहे हो

**(9) मुहावरे तथा लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।** (4)

**(क)** कन्नी काटना **(ख)** काया पलट होना

**(ग)** ऊँट के मुँह ने जीरा **(घ)** आप भला तो जग भला

**(10) क्रिया संबंधी अशुद्धियाँ दूर करके वाक्यों को दोबारा लिखिए ।** (3)

**(क)** बरतन धुल गई । **(ख)** पिता जी दफ्तर चला गया ।

**<u>भाग – ग</u>** (30)

**(11) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो :–** (5x2=10)

**(क)** रानी शुकदेई किसके विरूद्ध युद्ध के लिए तैयार थी ?

**(ख)** गौरा दुर्बल और शिथिल क्यों रहने लगी ?

**(ग)** कविता के आधार पर बताइए कि कौन पछंताता है ?

**(घ)** काकी बुद्धिराम के घर क्यों रहती थी ?

**(ड)** नींद से उठकर रूपा ने क्या देखा ?

**(12) दिए गए लघु प्रश्नों के उत्तर लिखो :–** (4x3=12)

**(क)** बंदी बने खुर्दा के राजा को लज्जा क्यों रही थी ?

**(ख)** गौरा मानवीय स्नेह के समान ही निकटता चाहती थी । सिद्ध कीजिए ।

**(ग)** धन, स्वास्थ्श्य और विद्या के खो जाने पर इनकी पुन : प्राप्ति कैसे हो सकती है ?

**(घ)** मुंशी प्रेमचंद ने बुढ़ापे को बचपन का पुनरागमन क्यों कहा है ?

**(13) कोई एक दीर्घ प्रश्न लिखो :–** (5x1=5)

पाठ के आधार पर लाडली का चरित्र चित्रण लिखिए ?

**अथवा**

समय बहुत ही मूल्यवान अपने शब्दों में लिखिए ?

**(14) दिए गए प्रश्नों में से (√) का निशान लगाओ।** (3x1=3)

**(क)** गौरा के बछड़े का क्या नाम रखा गया था

(1) गेरू (2) लालमणि (3) गौरेया

**(ख)** बापू घड़ी को कहाँ लटकाकर रखते थे ?

(1) हाथ में (2) कमर में (3) गरदन में

**(ग)** ''मेरा हाथ पकड़कर वहाँ से चलो, जहाँ मेहमानों, ने बैठकर खान खाया । (किसने किसको कहे)

(1) काकी ने रूपा से (2) काकी ने लाडली से

**भाग – घ** (15)

**(15)** वनों के महत्व के ऊपर निबंध लिखे । (8)

**(16) शीर्षक :–** एकता में बल (7)

**शिक्षा –** आपस की लड़ाई में शत्रु को लाभ होता है । अत : मिलकर रहना चाहिए ।

**उपर्युक्त –** शीर्षक और शिक्षा के आधार पर लघुकथा लिखिए । ( )